पंजाब में किसान रेलवे ट्रैक से हटने को तैयार

कल रात से चलने लगेंगी सभी ट्रेनें

चंडीगढ़, जेएनएन। पंजाब के किसान रेलवे ट्रैक से हटने को तैयार हो गए हैं। केंद्र सरकार के कृषि बिलों के विरोध में किसान धरना दे रहे थे। अब सोमवार रात तक सभी ट्रेनें चलने लगेंगी। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से मीटिंग के दौरान किसान संगठन ट्रेनों का रास्ता साफ करने को राजी हो गए, लेकिन इन्होंने 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस बीच बातचीत में कोई सॉल्यूशन नहीं हुआ तो दोबारा ट्रैक पर धरना शुरू कर देंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। 30 नवंबर से किसानों की दूसरी समस्याओं का हल निकालने की कोशिश भी की जाएगी। बता दें कि दो महीने के बाद राज्य में माल और पैसेंजर ट्रेन सर्विसेस को फिर से शुरू किया जा रहा है। इस घोषणा के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से राज्य में सभी ट्रेन सेवाओं को बहाल करने का आग्रह किया।

जी-20 समिट में गूंजा मोदी मंत्र, कहा-

दुनिया की बेहतरी के लिए हो टैलेंट पूल का निर्माण

15वें जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता सऊदी अरब के किंग सलमान ने की



नई दिल्ली, जेएनएन। कोरोना संकट के बीच शुरू हुए 15वें जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद कोरोना दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर आया है। मोदी ने कोविड-19 के बाद की दुनिया के लिए एक नए वैश्विक सूचकांक का आह्वान किया, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल किए। इस सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हुए। इस सम्मेलन की अध्यक्षता सऊदी अरब के किंग सलमान ने की। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना के बाद दुनिया के लिए एक नए वैश्विक सूचकांक का आह्वान किया है, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक विशाल टैलेंट पूल का निर्माण किया जाए, जिसमें यह सुनिश्चित हो कि प्रौद्योगिकी समाज के सभी तबके तक पहुंचे और दुनिया में बेहतरी आए। शासन की प्रणालियों में पारदर्शिता और ट्रस्टीशिप की भावना के साथ धरती माता की सेवा की जाए। इसके आधार पर ही जी-20 एक नई दुनिया की नींव रख सकता है। इससे पहले शिखर सम्मेलन की शुरुआत शनिवार को हो गई। अध्यक्षता कर रहे सऊदी अरब के किंग सलमान ने अपने शुरुआती भाषण में कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम इस शिखर सम्मेलन के दौरान चुनौती का सामना करें। आशा और आश्वासन का एक मजबूत संदेश दें। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से दुनिया को एक अभूतपूर्व झटका लगा, जिसने कुछ ही समय में पूरी दुनिया को प्रभावित कर डाला है।

सऊदी किंग को दी बधाई

पीएम मोदी ने सऊदी अरब और उसके नेतृत्व को इस साल जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी और कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद 2020 में दूसरे जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल वर्चुअल आयोजन के लिए भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोरोना ने दुनिया को बदल दिया है और हमें भी स्वयं को उसी के हिसाब से बदलना होगा।

मोदी के संबोधन का सार

- कोविड-19 महामारी मानवता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनिया के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती है।
- जी-20 के देशों को एकजुट होकर रणनीति बनानी होगी, ताकि कोरोना के कारण बाधित हुए आर्थिक सुधारों, नौकरियों और व्यापार को फिर से बहाल किया जाए।
- जी-20 के देशों को केवल आर्थिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरी पृथ्वी के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि हम सभी मानवता के भविष्य के ट्रस्टी हैं।

राष्ट्रवाद कोरोना वायरस जैसी महामारी

पूर्व उपराष्ट्रपति का विवादित बयान

नई दिल्ली, जेएनएन। अपने बयानों के चलते विवादों में रहने वाले पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने राष्ट्रवाद को बीमारी बताया है। शशि थरूर की नई किताब द बैटल ऑफ बिलांगिंग के विमोचन के दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश ऐसे 'प्रकट और अप्रकट' विचारों एवं विचारधाराओं से खतरों से गुजर रहा है, जिसमें देश को हम और वो की काल्पनिक श्रेणी के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है। अंसारी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी संकट से पहले ही भारत दो अन्य महामारियों धार्मिक कट्टरता और आक्रामक राष्ट्रवाद का शिकार हो चुका है। यह एक खतरनाक बीमारी है। शशि थरूर ने भी अपनी किताब द बैटल ऑफ बिलांगिंग में हिंदुत्व, नागरिकता संशोधन कानून पर सवाल उठाए हैं। **शिया धर्मगुरू ने दिया जवाब:** पूर्व राष्ट्रपति के इस बयान पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने वीडियो जारी करते हुए निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कट्टरता नहीं है। हमारा देश एकता का प्रतीक है। जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, यहूदी और पारसी एक साथ रहते हैं। अंसारी ने देश पर सवाल उठाया, जो गलत है।

कार्यालय नगर परिषद बांदरी, जिला सागर (म.प्र.)

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2020/113 बांदरी दिनांक 13.11.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्रतिशत के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्र.	कार्य का नाम एवं स्थान	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	समयावधि वर्षाकाल सहित
1	2020- UAD-114369	मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत निकाय के विभिन्न वार्डों में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य	88.50	67000.00	10000.00	04 माह

1. निविदा प्रपत्र केवल आनलाईन दिनांक 14.11.2020 को 10:30 बजे से दिनांक 15.12.2020 को 05:30 बजे तक क्रय किये जा सकता है। ऑनलाईन निविदा 15.12.2020 को शाम 05:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। 2. ऑनलाइन निविदा दिनांक 17.12.2020 को प्रातः 11:00 बजे से खोली जावेगी। फिजीकल दस्तावेजों का लिफाफा 18.12.2020 को शाम 05:30 बजे तक कार्यालय में जमा करने होंगे। 3. निविदाकार अपने फिजीकल दस्तावेजों का लिफाफा स्वयं उपस्थित होकर, स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा रजिस्टर्ड डाक से ही नगर पालिका कार्यालय अथवा कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। 4. किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जावेगा, किसी समाचार पत्र में कोई संशोधन प्रकाशित नहीं किया जावेगा। 5. निविदा की समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होंगी। 6. किसी भी निविदा को कारण या बिना किसी कारण के स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद बांदरी को होगा। 7. शासन द्वारा नियमानुसार समस्त करों की कटौती की जावेगी। 8. संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के संशोधन क्रमांक 2 आदेश क्र./या.प्र./07/2017/13014 दिनांक 14.11.2017 अनुसार निविदाकार उपरोक्त कार्यों हेतु वर्क कांट्रेक्ट पर लागू जी.एस.टी. राशि को छोड़कर अपने वित्तीय प्रस्ताव प्रेषित करें। देयक पर जी.एस.टी. राशि का भुगतान पृथक से किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बांदरी जिला सागर

अमेरिका चुनाव में जीत हासिल करने वाले जो बाइडेन बोले-

हम डब्ल्यूएचओ में फिर होंगे शामिल, तय करेंगे चीन की हद

वॉशिंगटन, जेएनएन। अमेरिकी चुनाव में जीत हासिल करने वाले जो बाइडेन ने घोषणा की है कि 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद वह अमेरिका को फिर से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए अमेरिका डब्ल्यूएचओ का साथ देने के लिए तैयार है। बाइडेन ने कहा कि हम ये जरूर सुनिश्चित करेंगे कि चीन अपनी हद में रहे। उसे अब मनमानी नहीं करने दी जाएगी। यदि जरूरत पड़ी तो हम उसके खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे। हम चीन को सजा नहीं देना चाहते बल्कि उसे यह समझाना चाहते हैं कि उसे भी दूसरे देशों की तरह नियमों को मानना होगा। वरना नतीजे बुरे हो सकते हैं।

बाइडेन की टीम में भारतवंशी: फर्स्ट लेडी जिल की पॉलिसी एडवाइजर होंगी माला अडिगा

प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस के लिए कुछ नई नियुक्तियां की हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी माला अडिगा को प्रेसिडेंट इलेक्ट की पत्नी जिल बाइडेन का पॉलिसी डायरेक्टर बनाया गया है। खास बात ये है कि माला राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी बाइडेन और कमला हैरिस के साथ लगातार थीं। उस दौरान माला ने बतौर कैम्पेन पॉलिसी एडवाइजर काम किया था। माला एकेडमिक स्ट्रैटजिस्ट हैं। इसके अलावा उन्हें फॉरेन पॉलिसी के बारे में गहरी जानकारी है। बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में माला बतौर एडवाइजर काम कर चुकी हैं।

एआईएडीएमके-बीजेपी साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव

चेन्नई, जेएनएन। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तमिलनाडु का दौरा किया। इस दौरान एआईएडीएमके और बीजेपी ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में साथ मिलकर लड़ने का एलान किया है। सूबे के मुख्यमंत्री ईके पलानीस्वामी ने इस बात की घोषणा की। इसके बाद सूबे के मुख्यमंत्री ईके पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री और अमित शाह ने बैठक की। फिर अमित शाह ने राज्य में पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इससे पहले अमित शाह राज्य सरकार की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया। अमित शाह ने इस दौरान राच्य के दिग्गज नेता एमजीआर और जयललिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमित शाह ने चेन्नई में अपने समर्थकों का अभिवादन करने के लिए प्रोटोकॉल तक की परवाह नहीं की। वे वाहन से बाहर निकले और हवाई अड्डे के बाहर व्यस्त जीएसटी रोड पर पैदल चलने लगे।

कुणाल पर चलेगा एक और अवमानना केस

मुंबई, जेएनएन। कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कॉमेडियन के खिलाफ एक और ट्वीट के लिए अवमानना का केस चलाने की अनुमति दे दी है। 18 नवंबर को किए गए उनके ट्वीट के लिए अवमानना की कार्रवाई के लिए अपनी सहमति प्रदान करते हुए अटॉर्नी जनरल ने कहा कि यह 'घोर अशिष्ट और निंदनीय' था और सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को कमतर करने की कोशिश थी। वरिष्ठ कानून अधिकारी ने पिछले हफ्ते भी कुणाल कामरा के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की अनुमति दी थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करते हुए कहा गया था कि वे 'बेड टेस्ट' में थे।

कार्यालय नगर परिषद् बोडा जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

{Email ID cmonpbod@gmail.com Th. No. 07375-243233}
क्रमांक/न.प. बोडा/स्वच्छता. 2020/1610 बोड़ा दिनांक 10/11/2020

-:: ODF ++ किये जाने हेतु सार्वजनिक विज्ञप्ति ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बोडा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत SBM ODF ++ के मापदण्डों के आधार पर मूल्यांकन पश्चात निकाय को ODF ++ घोषित किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में किसी भी प्रकार की आपत्ति एवं सुझाव नगर परिषद बोडा की स्वच्छता शाखा में 15 दिवस के अन्दर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं।

आपके द्वारा प्रेषित आपत्ति एवं सुझावों के आधार पर नगर परिषद बोडा को ODF ++ घोषित किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद बोडा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बोडा

आम सूचना

(संपत्ति कमांक डी - 306न्यू मीनाल रेंसीडिसी , जे.के. रोड, भोपाल)

मेरे पक्षकार के द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजो एवं जानकारियो के आधार पर सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि ,मेरे पक्षकार के द्वारा एक संपत्ति क्रंमांक डी -306,प्लाट साइज 800 वर्गफिट पर निर्मित मकान स्थित न्यू मीनाल रेंसीडेसी , जे.के. रोड, भोपाल को क्रय करने का मौखिक अनुबंध श्री अजय कुमार नागारिया पिता श्री सत्य रंजन दास नागारिया निवासी भोपाल से किया गया है, जो कि उक्त संपत्ति के स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी है । उक्त संपत्ति की चतुर्थ सीमाये पूर्व में - 25 फिट चौडा रोड, पश्चिम में - संपत्ति क्रं. डी 343, उत्तर में - संपत्ति क्रमांक - डी 307 , दक्षिण में - डी -305, है। उक्त संपत्ति का मेरे पक्षकार द्वारा नियत समय के अंदर उपपंजीयक कार्यालय में पंजीयन कराने हेतु इच्छुक है, उक्त संपत्ति अन्य किसी के पक्ष मे विक्रय, दान, बंधक, या अन्य किसी प्रकार का हित हो एवं शासकीय, अशासकीय, बैंक, सोसायटी, वित्तीय संस्था, का कोई हित स्वत्व, स्वामित्व या किसी प्रकार का कोई लेनदेन हो ऐसी स्थिति में इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में प्रमाण दस्तावेजी प्रमाण के साथ मेरे कार्यालय में उपलब्ध कराकर आपत्ति दर्ज कराये समय अवधि के उपरात मेरा पक्षकार उपंजीयक कार्यालय उक्त संपत्ति का पंजीयन एवं उसके उपरांत नामांतरण करा लेगा एवं किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी ।

भवदीय **विशाल चौहान** अधिवक्ता
Office :- 53, Sarita Complex, Shivaji Nagar, Bhopal
Mo. 9893345096,9165123288

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शफीक उल्ला खां, आयु वयस्क आत्मज हमीद उल्ला खा. न 54, नवाब कॉलोनी, दशमेश नगर, गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.) द्वारा अब्दुल वाजिद हैदर, आयु वयस्क, आत्मज अब्दुल माजिद साहब निवासी मकान नम्बर 75, नीलकंठ कॉलोनी, ईदगाह हिल्स, भोपाल (म.प्र.) से एक किता लीज होल्ड मकान क्रमांक 75. नाप 22 बाई 45 वर्गफुट(कुल क्षेत्रफल 990 वर्गमीटर,) अर्थात 92.00 वर्गमीटर, जिसके एक भाग पैमाईशी जिसमें 23.4 पर चादर पोश पक्का मकान बना है, शेष भाग 68.76 वर्गमीटर का आपन विक्रय एवं पट्टा हस्तांतरण किया स्थित नीलकंठ कालोनी, गुरुद्वारे के पास ईदगाह हिल्स, शहर भोपाल जो भोपाल नगर पालिक निगम की सीमा में वर्तमान वार्ड क्रमांक 08 (नीलकंठ कालोनी वार्ड) में निम्नलिखित चौहद्दी का स्थित है कि दिशा पूर्व में प्लाट मकान नम्बर 86, दिशा पश्चिम में - सड़क, दिशा उत्तर में - प्लाट मकान नम्बर 74, दिशा दक्षिण में प्लाट मकान नम्बर 76 स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त सम्पत्ति या उसके अंश भाग पर किसी शासकीय, अर्धशासकीय, व्यक्ति, बैंक, संस्था, वित्तीय संस्था या अन्य किसी का किसी प्रकार का कोई लेन-देन, ऋण हो अथवा कोई बंधक, विक्रय अनुबंध पत्र, हिबा, मैहर, जमानत आदि हो या कोई स्वत्व संबंधी विवाद लंबित हो अथवा मुख्तारनामा आम/खास, विक्रय- पत्र, वसीयत, विनिमय-पत्र, हकत्याग-पत्र, इत्यादि पंजीयत हो अथवा अन्य किसी प्रकार का कोई अंतरण संबंधी दस्तावेज हो या किसी प्रकार से उक्त भूमि में कोई हित अथवा स्वत्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर समस्त दस्तावेजी प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और उक्त भूखंड के विक्रय-पत्र का पंजीयन क्रेता अपने पक्ष में करवाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

भवदीय **नवीन आहुजा** एडवोकेट
Advocates & Legal Consultants
Office: E5/43, Arera Colony, Bhopal
Mo.9425377747, 9821443930

Online Tender Document " Equipment" for M.P. Police

पुलिस अधीक्षक पीटीएस सागर, मध्यप्रदेश

No. sp /pts/sagar/tenderlopen gym /qm/1969 /2020 Dated 9/11/2020

"ऑनलाईन निविदा सूचना"

पुलिस अधीक्षक पीटीएस सागर, मध्यप्रदेश की ओर से **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीटीएस** सागर द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्नलिखित सामग्री हेतु ''ऑनलाइन खुली निविदा'' (ई-टेंडरिंग) आमंत्रित की जाती है:-

sn	NAME OF OPEN GYM ITEMS	Qty	TENDER FEES (RS)	EMD REQUIRED IN ONLINE ONLY
1	डबल एयर वाकर	1	2000/-	14000/-
2	रोवर	1		
3	डिप्स, चिनअप, पुल अप	1		
4	नी चेयर	1		
5	सायकिल	1		
6	बिगटर्निंगव्हील	1		
7	डबललेगप्रेस	1		
8	डबलपुशहेंडव्हील	1		
9	चेस्टप्रेस-पावरपुश अप चेलेंजर	1		
10	चेस्टप्रेस-पुलडाउनचेलेंजर	1		
11	डबल एयर वाकर/हेल्थवाकर	1		
12	ट्रिपलटविस्टर	1		
13	सिट अप बेंच	1		
14	कासटेनर	1		
15	टँड मिल	1		

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgeplapp पर जमा किये जावेंगे व निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है। 2.मध्य प्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov. पद से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

3.समय सारणी:-निविदा प्रकाशन की दिनांक	10/11/2020 के 16:30 बजे
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक	12/11/2020 के 11:00 बजे
प्री-बिड मीटिंग दिनांक	16/11/2020 के 12:00 बजे
निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	20/11/2020 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	1/12/2020 के 14:00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक	2/12/2020 के 16:00 बजे

जी-15704/20

आपस में दो गज की दूरी, जीवन के लिये बहुत जरूरी

पुलिस अधीक्षक
पीटीएस सागर म.प्र.

पृष्ठ तीन का शेष

भोपाल के साथ इंदौर में भी बेकाबू...

कुल मरीजों की संख्या 1,91,246 है। जबकि प्रतिदिन दो हजार मरीजों का आंकड़ा प्रदेश में अब सामने आएगा। प्रदेश में कोरोना से लड़ने के लिए सरकार द्वारा जुटाए गए संसाधनों में चालीस हजार से ज्यादा बिस्तरों की संख्या शामिल है। जहां मरीजों को भर्ती किया जाना है। वर्तमान में प्रदेश में 11 हजार एक्टिव केस हैं। इस लिहाज से बिस्तरों की संख्या पर्याप्त है।

कोरोना केयर सेंटर में लगी आग.....

तत्काल शोर मचाकर अन्य डॉक्टरों को बुलाया। खुद भी लपटों से घिरे आईसीयू में पहुंच गईं। तत्काल सभी मरीजों को अस्पताल के अन्य वार्ड में पहुंचाया। तब तक डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. आरकेएस धाकड़, डॉ. ओपी जाटव और मैनेजर अरविंद राठौर भी पहुंच गए और व्यवस्थाएं संभालीं। सभी मरीजों को बाहर निकालकर आग पर काबू पाया। आग लगने के दौरान अस्पताल में भगदड़ मच गई थी। इसी समय लश्कर सर्कल से एक कोविड मरीज को लेकर एंबुलेंस सुपर स्पेशियलिटी पहुंची, लेकिन करीब 2 घंटे तक मरीज को बाहर एंबुलेंस में ही रखे रहे। कोविड अस्पताल में मरीजों को बचाने वाली डॉ. नीलिमा सिंह और डॉ. नीलिमा टंडन ने बताया कि जब तक पीपीई किट पहनते तो किसी मरीज की जान पर बन आती, इसलिए उन्होंने अपनी जान की परवाह नहीं की। सुपर स्पेशियलिटी में आग की खबर जब सोशल मीडिया पर फैली, तो वहां भर्ती मरीजों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। कुछ समय के लिए तो वहां भीड़ हो गई थी। जब बताया गया कि हादसा छोटा है और सभी सुरक्षित हैं, तब लोगों की जान में जान आई।

कॉमेडियन भारती सिंह ड्रग्स ......

आती हैं। भारती ने 2017 में राइटर हर्ष लिंबचिया से शादी की। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत इंडियन लाफ्टर चैलेंज से की थी। इसके बाद उन्होंने कई कॉमेडी शो में काम किया किया, जिनमें कॉमेडी सर्कस, कॉमेडी सर्कस महासंग्राम, कॉमेडी सर्कस का जादू, कहानी कॉमेडी सर्कस की और कॉमेडी नाइट्स बचाओ जैसे शो शामिल हैं।

कैबिनेट विस्तार के साथ होगा......

कि 2023 को ध्यान में रखकर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को क्षेत्रीय व जातीय संतुलन के हिसाब से मंत्रिमंडल में मौका दिया जाए। इनमें राजेन्द्र शुक्ला, अजय विश्नोई, रामपाल सिंह, संजय पाठक व गौरीशंकर बिसेन का नाम है। बताया जाता है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भोपाल में सहमति न बनने पर पार्टी हाईकमान फैसला करेगा। निगम मंडलों में नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। इमरती देवी, एंदल सिंह कंसाना, गिरिराज दंडोतिया के अलावा कुछ अन्य लोगों को निगम-मंडल में एडजस्ट किया जा सकता है। कुछ विधायकों को जिला सहकारी बैंकों की जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी है।

भारत ने पाक उच्चायुक्त को लगाई....

आतंकियों के पास से जो साजो-सामान बरामद हुआ है, उससे साफ है कि जम्मू-कश्मीर में चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने की साजिश थी। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में 19 नवंबर को हुए एनकाउंटर में जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकी मारे गए थे। मारे गए आतंकी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर से चैट कर रहे थे। वहीं से इन्हें निर्देश दिए जा रहे थे। आतंकियों के मोबाइल फोन की पड़ताल से यह खुलासा हुआ है। इससे पहले, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से पाकिस्तान में बने एमपीडी-2505 मॉडल के मोबाइल हैंडसेट बरामद किए। इनमें पाकिस्तान के सिम कार्ड हैं। बरामद मोबाइल हैंडसेट एंड्रॉयड फोन नहीं हैं। खास बात यह है कि इनमें की-एप भी नहीं है। इनमें केवल टेक्स्ट मैसेज से की गई चैट मौजूद है। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, इन आतंकियों को मोबाइल फोन बॉर्डर क्रॉस करने के पहले दिए गए थे। भारत की सीमा में आने के बाद एक गाइड इन्हें जम्मू-दिल्ली हाईवे तक लाया था। वहीं से इन्हे ट्रक में बैठाया गया। जांच एजेंसियां आतंकियों के उस गाइड की तलाश कर रही हैं। **आतंकियों की प्लानिंग की पड़ताल जारी:** जांच एजेंसियों ने लिए यह जानकारी बेहद अहम है। इससे बॉर्डर क्रॉस करने और वहां से हाईवे तक आने का समय पता चलता है। अभी चारों मोबाइल फोन की पड़ताल की जा रही है। साथ ही, दूसरे मैसेज भी ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। इससे आतंकियों की प्लानिंग के बारे में अहम सुराग मिल सकते हैं।

48 घंटे तक कोरोना से बचाएगा......

और हैंड वॉश करने की कोविड गाइडलाइन का पालन करना होगा। डॉ. सिमोन क्लार्क के मुताबिक, कोरोना के लक्षण तभी दिखते हैं जब यह फेफड़ों तक पहुंच जाता है लेकिन नया स्प्रे इसे वहां तक पहुंचने ही नहीं देगा। यह स्प्रे संक्रमण को रोकने का काम करेगा लेकिन कोविड गाइडलाइन का पालन करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कोरोना मुंह या आंखों से भी शरीर में एंट्री कर सकता है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2,तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 1816/अ-6/2020-21
दिनांक 08.10.2020 ग्राम अरेडी प.ह.न.

इश्तहार

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ऋषभ कुमार जैन आ. श्री मोजी लाल जैन निवासी- 125 चॉदबाडी बी- सेक्टर 50 क्वाटर पिपलानी भोपाल ने म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज 23.02.2018 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा कमांक 86 का अंश भाग मेसे रकबा 900 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम अरेडी प.ह.न. ...तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामान्तरण राजस्व अभिलेखो मे आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एव अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रसतुत किए है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त सबध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 23.11.20 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 08.10.2020 को जारी किया गया है।

तहसीलदार
तहसील हुजूर, भोपाल

जाहिर सूचना

में, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि (1) श्री शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा पिता श्री रामेन्द्र सिंह कुशवाहा निवासी शिवाजी नगर भोपाल एवं राजेश शर्मा पुत्र श्री लज्जा राम शर्मा निवासी जिला भिण्ड के स्वत्व , स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम बरखेडा बोंदर प.ह.न.3 रा.नि.मं. 1 है। जिसका खसरा न. 103/2 रकवा 0.1 82 हे., खसरा 104/2/क/2 रकवा 0.500 हें, खसरा 104/2/ख/2 रकवा 0.480 हे., कुल रकवा 1.566 हेक्टेयर है। उपरोक्त भूमि को मेरा पक्षकार क्रय करने के इच्छुक हैं एवं बयाना राशि का भी भुगतान कर दिया है। यदि उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी एवं अन्य का कोई हित, स्वत्व सम्बन्ध या किसी भी प्रकार का कोई लेन -देन हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित दस्तावेज मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा,स्वत्व अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार सम्पत्ति के अनुबंध कर विक्रय पत्र का पंजीयन, उप - पंजीयक कार्यालय, में कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

भवदीय **संगम लाल पाण्डेय** अधिवक्ता
कार्या.- नियर ईसरानी क्लीनिक दशहरा मैदान, छोला, भोपाल मो-9893383847

कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल

क्रमांक/902/जि.ना./2020 भोपाल दिनाक 16/11/2020

// नीलामी सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, कलेक्टर कार्यालय भोपाल में निष्प्रयोजित निम्नांकित सामग्री की नीलामी की जाना हैं:-

क्र.	सामग्री का नाम	सामग्री संख्या	अपसेट मूल्य
1	कुर्सी (लकड़ी एवं पाईप वाली)	74 नग	रु. 1930/-
2	अलमारी	12 नग	रु. 10800/-
3	लकड़ी एवं लोहे की रैक	10 नग	रु. 1400/-
4	लोहे एवं लकड़ी की टेबिल	14 नग	रु. 3150/-
5	लोहे का ब्रेरीकेट्स 1 एवं लोहे का गेट-2 नग	03 नग	रु. 1700/-
6	ए.सी.	04 नग	रु. 12600/-
7	वाटर कूलर	04 नग	रु. 7000/-
8	टाईपिंग मशीन	08 नग	रु. 3800/-
9	कूलर	08 नग	रु. 1950/-
10	टायर अनुपयोगी कंडम 51	51 नग	रु. 2250/-
		कुल राशि	रु. 46,880/-

उक्त सामग्री जहां हैं जैसे हैं कि स्थिति में विक्रय हेतु खुले रूप से नीलामी निम्नानुसार शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती हैं:-

1. बोलीदार को सामग्री की धरोहर राशि रुपये 10,000/- (दस हजार रुपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट कलेक्टर जिला भोपाल के नाम से नीलामी/बोली के पूर्व दिनांक 26/11/2020 को प्रात:12:00 बजे तक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं वही व्यक्ति बोली में भाग ले सकेगा। बोली स्वीकार नही होने की दशा में धरोहर राशि वापसी योग्य रहेगी।
2. उक्त सामग्री की निरीक्षण कार्यालयीन दिवस एवं समय में किया जा सकता हैं।
3. उक्त सामग्री कुल राशि रुपये 46,880/-(छैयालिस हजार आठ सौ अस्सी रु.) निर्धारित की गई हैं, बोलीदार इससे कम बोली नहीं लगायेगा।
4. खुली नीलामी दिनांक 26/11/2020 को कलेक्टर कार्यालय भोपाल में आयोजित की जावेगी। अत: नियत समय अपरान्ह 2:00 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल के सभाकक्ष में उपस्थित होना होगा।
5. जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार होगी, उसे नीलामी के दिन को मिलाकर 07 दिवस कार्यालय कलेक्टर भोपाल में नगद जमा कराना आवश्यक होगा, तत्पश्चात् ही उक्त सामग्री संबंधित को प्रदाय की जावेगी।
6. बोलीदार द्वारा लगाई बोली को कार्यालय प्रमुख को किसी भी दशा में स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। जिसके लिये किसी प्रकार का कोई कारण बताना आवश्यक नही होगा, इस संबंध में किसी प्रकार का कोई स्पष्टीकरण आवश्यक नहीं होगा, तथा इस संबंध में किसी न्यायालय में किसी प्रकार का वाद ग्राह्य नहीं होगा।
7. बोली स्वीकृत होने के पश्चात् यदि नीलामी की सामग्री संबंधित द्वारा नहीं ली जाती हैं तो अमानत राशि वापस नहीं होगी तथा यह राशि शासन हित में राजसात कर ली जायेगी।

संयुक्त कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर भोपाल

जी-15707/20

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।